दैनिक प्रातः कालीन

# क्यूँ न लिखूँ सच

राष्ट्रीय हिंदी अंगेजी समाचार पत्र

मुरादाबाद से प्रकाशित


RNI NO- UPBIL/2021/83001

बर्ष :-02 अंक :-237 मुरादाबाद 24 December 2022 (Saturday) पृष्ठः-08 मूल्य :- 3.00 रूपये

प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, अलीगढ, संभल, श्रावस्ती, लखनऊ


## आईपीएल के इतिहास में सबसे महंगे बिके सैम करन, 18.50 करोड़ में पंजाब किंग्स ने खरीदा

नई दिल्ली, स्पोर्ट्स डेस्क- कोच्ची में आईपीएल 2023 मिनी ऑक्शन की शुरुआत हो गई है। मिनी नीलामी में दस टीमों के बीच बड़े खिलाड़ियों को अपनी टीम में शामिल करने के लिए होड़ देखने को मिल रही है। पंजाब किंग्स ने सैम करन को आईपीएल के इतिहास की सबसे बड़ी बोली लगाते हुए 18.50 में खरीदा। सनराइजर्स हैदराबाद ने इंग्लैंड के हैरी ब्रुक को 13.25 करोड़ में खरीदा। मिनी ऑक्शन में 405 खिलाड़ियों पर बोली लगाई जा रही है। टीमों के पास अधिकतम 87 स्लाट खाली है। बोली लगाने के लिए सनराइजर्स हैदराबाद टीम के पास सबसे ज्यादा पैसे हैं तो वहीं, सबसे कम पैसा चचक्रके पास है। प्रत्येक टीम के स्क्वॉड में हो सकते हैं 18 से 25 खिलाड़ी- IPL 2023 के 16वें सीजन में कुल 10 टीमें अपने स्क्वॉड में 18 से 25 प्लेयर्स रख सकती हैं। जिनमें 8 विदेशी प्लेयर हो सकते हैं। नीलामी में बड़े नामों में न्यूजीलैंड के कप्तान केन विलियमसन भी शामिल थे। उनका बेस प्राइस दो करोड़ रुपये था। वहीं, भारत के मयंक अग्रवाल पर हैदराबाद ने बड़ी बोली लगाई। मयंक को हैदराबाद ने 8.25 करोड़ में खरीदा। आईपीएल नीलामी में शामिल खिलाड़ियों में अफगानिस्तान के 15 वर्षीय अल्लाह मोहम्मद सबसे युवा हैं। उनका आधार मूल्य 20 लाख रुपये रखा गया है।




वहीं, आइपीएल में तीन बार हैट्रिक ले चुके 40 वर्षीय अमित मिश्रा सबसे बुजुर्ग खिलाड़ी हैं। अबतक के सबसे महंगे खिलाड़ी- आईपीएल के इतिहास में कुछ खिलाड़ियों पर सबसे बड़ी बोली लगी है। इनमें साल 2021 में राजस्थान रायल्स ने क्रिस मोरिस को 16.25 करोड़ रुपये में खरीदा था। 2015 में दिल्ली कैपिटल्स ने युवराज सिंह को 16 करोड़ में खरीदा था। दिनेश कार्तिक को आरसीबी ने 10.5 करोड़ रुपये में 2019 में खरीदा। वरुण चक्रवर्ती को पंजाब किंग्स 8.4 करोड़ में 2020 में, 2021 में शिमरन हेटमायर को दिल्ली कैपिटल्स ने 7.75 करोड़ रुपये में, झाय रिचर्डसन को 2021 में पंजाब किंग्स ने 14 करोड़ में खरीदा था।नहीं बिके लिटन दास- बांग्लादेश के लिटन दास को कोई खरीदार नहीं मिलादिल्ली कैपिटल्स ने लखनऊ सुपर जायंट्स को कड़ी टक्कर दी। अंत में 16 करोड़ में सुपर जायंट्स ने बाजी मारी। दो सेट की नीलामी के बाद टीमों के पास बची हुई राशि- रॉयल चैंलेंजर्स बेंगलुरु 8.75 करोड़, कोलकाता नाइट राइडर्स 7.05 करोड़, पंजाब किंग्स 13.20 करोड़, चेन्नई सुपर किंग्स 3.70 करोड़, दिल्ली कैपिटल्स 19.45 करोड़, राजस्थान रॉयल्स 7.45 करोड़, मुंबई इंडियंस 3.05 करोड़, सनराइज़र्स हैदराबाद 20.75 करोड़, लखनऊ सुपर जायंट्स 23.35 करोड़, गुजरात टाइटंस 16.75 करोड़चेन्नई सुपर किंग्स ने बेन स्टोक्स को 16.25 करोड़ में खरीदा। यह इस सीजन की चौथी बड़ी बोली थी।ऑस्ट्रेलिया के धाकड़ बल्लेबाज को मुबंई इंडियंस ने 17.50 करोड़ में खरीदा। दिल्ली कैपिटल्स और मुबंई में ग्रीन को लेकर जंग देखने को मिली थी50 लाख में गुजरात टाइटंस के लिए खेलेंगे ओडीन स्मिथ। पंजाब किंग्स ने 50 लाख की बेस प्राइस वाले सिकंदर रजा को खरीदा।आईपीएल के इतिहास में इंग्लैंड के ऑलराउंडर सैम करन को पंजाब किंग्स ने 18.50 करोड़ में खरीदा।अजिंक्य रहाणे को 50 लाख में चेन्नई सुपर किंग्स ने खरीदा। इस नीलामी के पहले अनसोल्ड खिलाड़ी बने जो रूट। राइली रुसो भी नहीं बिके। पंजाब किंग्स के पूर्व कप्तान को सनराइजर्स हैदराबाद ने 8.25 करोड़ में खरीदाआईपीएल 2023 के मिनी ऑक्शन में ह्यूज एडमीड्स ऑक्शनर होंगे। कोच्चि में वह नीलामी करते हुए दिखाई देंगे। मेगा ऑक्शन 2022 के दौरान उनकी तबीयत खराब हो गई थी। वह स्टेज पर बेहोश होकर गिर पड़े थे। इसके बाद चारु शर्मा ने यह भूमिका निभाई थी। ठीक होने के बाद वह फिर लौटे थे।

## सिक्किम में बड़ा सड़क हादसा, भारतीय सेना के 16 जवानों की गई जान; चार घायल



गंगटोक, आनलाइन डेस्क। सिक्किम में शुक्रवार को एक सड़क हादसे में सेना के 16 जवानों की जान चली गई, जबकि चार जवान घायलव हो गए। उत्तरी सिक्किम के जेमा में यह दुर्घटना तब हुई, जब आर्मी का ट्रक खतरनाक मोड़ पर खड़ी ढलान से नीचे फिसल गया। भारतीय सेना ने यह जानकारी दी। भारतीय सेना के मुताबिक, ट्रक तीन वाहनों के काफिले का हिस्सा था, जो सुबह चाटेन से चला था और थंगू की ओर जा रहा था। सेना ने कहा, %उत्तरी सिक्किम के जेमा में 23 दिसंबर को सेना के एक ट्रक के साथ हुए दुखद सड़क हादसे में भारतीय सेना के 16 बहादुरों की जान चली गई है।%इस हादसे पर दुख जताते हुए रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि सड़क दुर्घटना में भारतीय सेना के जवानों की जान जाने से उन्हें गहरा दुख है। उन्होंने कहा, %शोक संतप्त परिवारों के प्रति मेरी संवेदना। मैं घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना करता हूं। सिक्किम में एक दर्दनाक सड़क हादसे में शुक्रवार को सेना के 16 जवान शहीद हो गए। घटना उत्तरी सिक्किम के जेमा में हुई। दुर्घटनाग्रस्त वाहन तीन वाहनों के काफिले का हिस्सा था, जो चटन से सुबह थंगू की ओर बढ़ा था। घटना पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने दुख जताया। उन्होंने कहा कि उत्तरी सिक्किम में एक सड़क दुर्घटना के कारण भारतीय सेना के जवानों की जान जाने का गहरा दुख है।

राष्ट्र उनकी सेवा और प्रतिबद्धता के लिए हृदय से आभारी है। शोक संतप्त परिवारों के प्रति मेरी संवेदना है। घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना करता हूं।

मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने भी हादसे पर शोक व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि सिक्किम में सड़क दुर्घटना में सेना के वीर जवानों के शहीद होने की खबर से मन अत्यंत व्यथित है। मैं प्रभु से सभी घायलों की कुशलता तथा दिवंगत जवानों की आत्मा की शांति हेतु प्रार्थना करता हूं। हम इन दुःखद क्षणों में भारतीय सेना एवं शोक संतप्त परिवारों के साथ खड़े हैं।

## निकाय चुनाव : आरक्षण को लेकर लखनऊ खंडपीठ में विचाराधीन याचिका पर अब शनिवार को होगी सुनवाई

राज्य सरकार ने दाखिल किए गए अपने जवाबी हलफनामे में कहा है कि स्थानीय निकाय चुनाव मामले में 2017 में हुए अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के सर्वे को आरक्षण का आधार माना जाए। सरकार ने कहा है कि इसी सर्वे को ट्रिपल टेस्ट माना जाए। उत्तर प्रदेश में स्थानीय निकाय चुनाव में ओबीसी आरक्षण लागू किए जाने के मामले में इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ पीठ में विचाराधीन याचिका पर अब शनिवार को सुनवाई होगी। खंडपीठ ने यह आदेश रायबरेली निवासी सामाजिक कार्यकर्ता वैभव पांडेय व अन्य की जनहित याचिकाओं पर दिया। बीते बुधवार को सुनवाई



के दौरान याचियों की ओर से दलील दी गई थी कि निकाय चुनावों में ओबीसी आरक्षण एक प्रकार का राजनीतिक आरक्षण है। इसका सामाजिक, आर्थिक अथवा शैक्षिक पिछड़ेपन से कोई लेना देना नहीं है। ऐसे में ओबीसी आरक्षण तय किए जाने से पहले सुप्रीम कोर्ट द्वारा दी गई व्यवस्था के तहत डेडिकेटेड कमेटी द्वारा ट्रिपल टेस्ट कराना अनिवार्य है। राज्य सरकार ने दाखिल किए गए अपने जवाबी हलफनामे में कहा है कि स्थानीय निकाय चुनाव मामले में 2017 में हुए अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के सर्वे को आरक्षण का आधार माना जाए। सरकार ने कहा है कि इसी सर्वे को ट्रिपल टेस्ट माना जाए। कहा है कि ट्रांसजेंडर्स को चुनाव में आरक्षण नहीं दिया जा सकता। पिछली सुनवाई में हाईकोर्ट ने सरकार से पूछा था कि किन प्रावधानों के तहत निकायों में प्रशासकों की नियुक्ति की गई है? इस पर सरकार ने कहा कि 5 दिसंबर 2011 के हाईकोर्ट के फैसले के तहत इसका प्रावधान है। जनहित याचिकाओं में निकाय चुनाव में पिछड़ा वर्ग को आरक्षण का उचित लाभ दिए जाने व सीटों के रोटेशन के मुद्दे उठाए गए हैं। याचियों का कहना है कि सुप्रीम कोर्ट के फैसले के तहत जब तक राज्य सरकार तिहरे परीक्षण की औपचारिकता पूरी नहीं करती तब तक ओबीसी को कोई आरक्षण नहीं दिया जा सकता। राज्य सरकार ने ऐसा कोई परीक्षण नहीं किया। यह भी दलील दी कि यह औपचारिकता पूरी किए बगैर सरकार ने गत 5 दिसंबर को अनंतिम आरक्षण की अधिसूचना के तहत ड्राफ्ट आदेश जारी कर दिया। इससे यह साफ है कि राज्य सरकार ओबीसी को आरक्षण देने जा रही है। साथ ही सीटों का रोटेशन भी नियमानुसार किए जाने की गुजारिश की गई है। याचियों ने इन कमियों को दूर करने के बाद ही चुनाव की अधिसूचना जारी किए जाने का आग्रह किया है।

# मंडलायुक्त की अध्यक्षता में कमिश्नरी सभागार में तृतीय मंडलीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक सम्पन्न



दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद- मंडलायुक्त श्री आन्जनेय कुमार सिंह की अध्यक्षता में तृतीय मंडलीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक कमिश्नरी सभागार में सम्पन्न हुई। समिति के अध्यक्ष मण्डल आयुक्त द्वारा सड़क दुर्घटनाओं के आंकड़ों की समीक्षा की गई। दुर्घटनाओं की संख्या एवं दुर्घटना के फलस्वरुप मृतकों की संख्या में बढ़ोतरी के दृष्टिगत ब्लैक स्पॉट्स पर तत्काल प्रभाव से सुधारात्मक कार्यवाही किए जाने का निर्देश दिये। आयुक्त ने एनएचएआई तथा पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों को रंबल स्ट्रिप, रोड मार्किंग, साइनेस, काशनरी बोर्ड से संबंधित अल्पकालिक सुधार पर तत्काल कार्यवाही करने का निर्देश दिया। दीर्घकालिक कार्यवाही के अंतर्गत टेक्निकल टीम द्वारा सर्वे कराकर अतिशीघ्र आगणन तैयार कर बजट स्वीकृत कराकर कार्यवाही किए जाने का भी निर्देश दिये। आयुक्त ने रामपुर दोराहा, जीरो प्वाइंट मूंढापांडे पर बाएं साइड शहर मुरादाबाद में जाने वाली सड़क पर स्पीड लिमिट का बोर्ड एवं संकेतांक लगाए जाने का निर्देश दिये। पुलिस उपमहानिरीक्षक ने दिल्ली की तरफ से आने वाली एनएचएआई रोड पर शहर मुरादाबाद के बाई तरफ घूमने वाली प्रत्येक लिंक मार्ग पर इंडिकेटर/ साइनेज लगाए जाने का सुझाव दिये। अपर निदेशक स्वास्थ्य को निर्देशित किया गया कि वह सरकारी अस्पतालों के साथ-साथ प्राइवेट अस्पतालों में भी माननीय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा निर्देशित गाइडलाइन का बोर्ड डिस्प्ले करें। नेक आदमी को स्वास्थ्य विभाग द्वारा चिन्हित कर संबंधित थाना क्षेत्र के थाना इंचार्ज द्वारा व्यक्ति डिटेल के साथ जिला अप्रेजल कमेटी से अनुमोदन करा कर इनके पुरस्कार राशि को दिए जाने हेतु बजट का प्रस्ताव परिवहन विभाग द्वारा भेजा जाए। संयुक्त शिक्षा निदेशक को निर्देश दिया गया कि समस्त विद्यालयों में विद्यालय परिवहन यान सुरक्षा समिति की नियमित बैठक आहूत कराई जाए। आयुक्त ने जनपद मुरादाबाद में अवैध संचालित ई-रिक्शा को वैध प्रपत्रों में परिवर्तित कराने पर अपर जिलाधिकारी नगर, पुलिस अधीक्षक यातायात एवं आरटीओ प्रवर्तन की प्रशंसा की। जनपद बिजनौर में भी अवैध ई रिक्शा को वैध ई-रिक्शा में कन्वर्ट कराने का अभियान चलाया जा चुका है। आयुक्त ने एआरटीओ बिजनौर को निर्देशित किया कि अपने जिले के जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक से संपर्क स्थापित कर वहां भी अवैध ई-रिक्शा के संचरण पर प्रतिबंध लगाएं। आयुक्त ने कांठ रोड के अतिक्रमण को हटाने एवं रोड पर सफेद पट्टी करने, पार्किंग स्थल बनाने के लिए नगर निगम को निर्देशित किया। बैठक में निर्णय लिया गया कि समस्त एआरटीओ अपने-अपने जिले के पुलिस अधीक्षक से संपर्क स्थापित कर अज्ञात वाहनों से से हुई दुर्घटना ( हिट एण्ड रन ) के प्रकरणों का डिटेल प्राप्त कर जिलाधिकारी के माध्यम से उप जिलाधिकारियों से जांच करा कर उन्हें दुर्घटना राहत कोष ( सोलेसिया स्कीम ) के तहत दिए जाने वाले धनराशि उनके आश्रितों को प्रदान करायें। सार्वजनिक सेवायानों से हुई दुर्घटनाओं के लंबित प्रकरणों की जांच उप जिलाधिकारियों के माध्यम से तत्काल कराई जाए इसमें विलंब कदापि न हो। समिति के अध्यक्ष द्वारा यह निर्देश दिया गया पुलिस एवं परिवहन विभाग द्वारा सर्दी के मौसम में कोहरे के दृष्टिगत वाहनों पर रेट्रोरिफ्लेक्टिव टैब चस्पा कराया जाना निरंतर जारी रहे। बैठक में पुलिस उपमहानिरीक्षक मुरादाबाद मंडल, अपर आयुक्त प्रशासन, अपर जिलाधिकारी नगर, संभागीय परिवहन अधिकारी ( प्रशासन/ प्रवर्तन ),पुलिस अधीक्षक यातायात, अपर नगर आयुक्त, सचिव मुरादाबाद विकास प्राधिकरण, अधीक्षण अभियंता पीडब्ल्यूडी, एनएचएआई के अधिकारी, संयुक्त शिक्षा निदेशक, अपर निदेशक स्वास्थ्य, समस्त सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी प्रवर्तन, क्षेत्रीय प्रबंधक उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम तथा इंश्योरेंस कंपनी एवं मोटर ऑपरेटर्स उपस्थित थे।

# किसान सम्मान दिवस एवं जनपद स्तरीय किसान मेला /कृषक गोष्ठी- 2022 का आयोजन



दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद- राजकीय पॉलीटेक्निक कांठ रोड मुरादाबाद में कृषि तकनीकी प्रबन्धन अभिकरण योजनान्र्तगत किसान मसीहा स्व0 चौधरी चरण सिंह, भूतपूर्व प्रधानमंत्री, भारत सरकार के जन्मदिवस पर 23 दिसम्बर के शुभअवसर पर किसान सम्मान दिवस एवं जनपद स्तरीय किसान मेला /कृषक गोष्ठी- 2022 का आयोजन जिलाधिकारी श्री शैलेन्द्र कुमार सिंह की अध्यक्षता में किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने बताया कि स्व0 चौधरी चरण सिंह जी के त्याग और तपस्या को कभी भुलाया नही जा सकता है। उन्होंने बताया कि स्व0 चौ0 चरण सिंह ने कहा था कि भारत की समृद्धि का रास्ता गांव और खेतों से होकर गुजरता है और जागरुक जनशक्ति ही सबल लोकतंत्र का आधार है।



इस अवसर पर जिलाधिकारी ने किसानों को बताया कि यह आयोजन आपके सम्मान में आयोजित किया गया है और सरकार पुरजोर कोशिश कर रही है कि विभिन्न योजनाओं का लाभ पारदर्शी तरीके से आप लोगों तक पहुंचाया जा सके। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र की खूबी है कि यहां सहमति-असहमति दोनों साथ-साथ चलती हैं। जिलाधिकारी ने कहा कि हम सब को कमियों को मिलकर दूर करना है। उन्होंने बताया कि समय तेजी से बदल रहा है तथा मध्यम वर्ग तेजी से उन्नति कर रहा है। उन्होंने कहा कि आप लोग सबसे सम्मानित लोग है, आप लोगों की वजह से ही देश की आन्तरिक व्यवस्था व्यस्थित रहती है। उन्होंने कहा कि भूमि की उपजाऊ रहने पर तथा धरती मां की प्राकृतिक क्षमता, मान-सम्मान को बनाये रखना है। इस अवसर पर एमएलसी श्री गोपाल अंजान ने बताया कि सरकार किसानों के प्रति समर्पित है और किसानों की समस्याओं को प्रदेश सरकार प्राथमिकता दे रही है। गोष्ठी में जिला पंचायत अध्यक्षा डा0 शैफाली सिंह, मुख्य विकास अधिकारी सुमित यादव, ज्वांइट कृषि निदेशक, ज्वांइट मजिस्टेऊट हर्षिका सिंह, जिला कृषि अधिकारी ऋतुषा तिवारी, जिला गन्ना अधिकारी एवं अन्य अधिकारी तथा कृषकगण उपस्थित थे।

# पसमांदा मुसलमानों का भला करने वाले नरेंद्र मोदी पहले पीएम: जावेद

मुरादाबाद। भारतीय पसमांदा मुस्लिम मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के क्षेत्रीय अध्यक्ष जावेद मालिक ने कहा कि मोदी-योगी की डबल इंजन सरकार में बिना भेदभाव विकास कार्य व सरकारी योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पहले ऐसे पीएम हैं जो पसमांदा मुसलमानों का दर्द समझ रहे हैं। वह लाकड़ी स्थित एक बरात घर में पसमांदा मुसलमानों के सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि राजनीतिक, आर्थिक और सामाजिक रूप से पिछड़े पसमांदा मुसलमानों को सभी राजनीतिक दलों ने अपने फायदे के लिए इस्तेमाल किया और उन्हें उनके हाल पर छोड़ दिया। जब से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने समाज को लेकर अपनी चिंता जाहिर की है, तबसे पसमांदा समाज का भरोसा मोदी में और गहरा हुआ है। कांग्रेस, सपा और बसपा समेत अन्य विपक्षी दलों ने पसमांदा मुस्लिमों को गुमराह किया है। उन्होंने कहा कि नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की डबल इंजन सरकार ने बिना भेदभाव के सबका साथ सबका विकास का नारा दिया। इस मौके पर पसमांदा मुस्लिम मंच के प्रदेश अध्यक्ष सलाउद्दीन सैफी ने भी पसमांदा मुसलमानों के लिए सरकार द्वारा किए गए कार्यों व सरकारी योजनाओं से अवगत कराया। सम्मेलन को सगीर प्रधान, गुलबहार चौधरी, इलियास सैफी, रईस मलिक, गुलाम जिलानी, गुलाम रब्बानी, आकिल प्रधान, डॉ. हबीब, रियाजुद्दीन समेत कई वक्ताओं ने संबोधित किया।

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

इस समाचार पत्र में सभी जन अबैतनिक तथा स्वयंसेवी है समाचार पत्र में लिखे लेख ,समाचार अन्य तथ्यों से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है संवाददता ही समाचार या लेख का जिम्मेदार होगा- संपादक

क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11,असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001 उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी, डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।

संपादक - नरेश राज शर्मा

मो. 9027776991

UPBIL/2021/83001

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।

## संपादकीय Editorial

### The government can do the same


In front of the political audience gallery in Himachal, the Sukhu government, demonstrating its tough decisions and how far it will go, is not just speculation, but a unique investigation. The current government, which is constantly closing the chain of offices, has made it a goal to remove all traces of the last touch of the previous government. The meaning of closing 180 health, 72 revenue and 16 PWD offices is opening the lid of political debate. It is only natural for the BJP to follow these decisions and its effect can be seen. If the Sukhu government has taken the decision of denotification to prove itself, then such a map is being developed, where there will be a reason to lose something in front of the public and for BJP to make these decisions an issue. Must have been

Despite this, the demand of the time and on the path of reality, one day it will have to be thought that how many offices, how many schools and colleges and how many medical institutions are required for Himachal from Adne. If announcements become political sheep and goats, then there will never be an end to these convoys. The compulsions may be of savings and budget or what would be a bigger opportunity than this to curb the applause gathered on the last feat of the previous government, but the government changing its maps will have to tell what its administrative and governance model will be. However, it can be accepted that in their last phase, the governments expand indiscriminately, paying attention to the request, and allowing the sultanate of power, more than the scope. The Sukhu government has given new headlines to the state by pruning all the departments. People may think that governments can do the same and understand the compulsion to do so, provided the government puts forward a roadmap to convince them. The need for the government to prove its worth is also visible because Himachal has not yet seen the glimpse of the entire cabinet. A strong side of the government is coming forward in the form of Chief Minister and Deputy CM, but in collective responsibility the faces of all the ministers should come forward. What is happening in the state is in a way dictated by the government, but democratic traditions want to see the cabinet in the accountability of the government. Obviously, when there will be an independent Minister of Health, Revenue and Public Works, he will also justify the decisions of the government in front of the closed doors of the offices. It may have been the compulsion of the government, but where questions arise, something has to be told. Monopoly in the structure of government may prove to be a boon for some time, but in its importance it becomes necessary to realize collective responsibility. The mismanagement of the departments has started taking care of the ministers, as a result there is also curiosity to see the positive side of the government. These offices are closing, so the sensibility associated with it is rising.

The winter session may be a halt to salvage this side of power, but it is becoming mandatory to immediately form a cabinet to show the government. Coming out of the festival of democracy, the Congress government got blessings from the public, it needs to spread positive energy to realize this change and this has to be made possible by the coordination of the party's leaders, supporters and fans. some priorities from the secretariat to the district administration as its machinery, but every department needs its own facilitator, its own priorities.


# There is no bird's nest, neither yours nor mine, for Ranveer there is a circle of empty chairs and tents

Among the nine rasas of Natya Shastra, humor is considered to be the most difficult rasa. On the basis of its components, even if its permanent sense is loss, but according to the dependence, stimulation, experience and communication, the factors for generating humor are also different. If you want to understand it in an easy way, then by making sarcasm, sarcasm, vulgarity and sardonic humor as the basis of the story, from Hrishikesh Mukherjee to Dada Kondke and David Dhawan, all the directors have made different presentations of humor in cinema. Rohit Shetty's new film 'Circus' keeps on jumping from scene to scene on all kinds of humour. The characters' figures, conversations and actions also generate humor in the comedy, and Rohit Shetty's writing team is confused here because they have no clear direction in their efforts to make a modern version of Rohit Shetty's film 'Angoor'. Don't know from the beginning. The film 'Circus' is a film like a cocktail of all comedy films of Hindi and South Indian cinema, due to the lack of a balanced amount of components, no clear color emerges from it. 'Circus' could not arouse curiosity - Rohit Shetty is a renowned director. Ajay Devgan remained like a permanent figure in Rohit's films, who started his career with the film 'Zameen'. Then when Rohit's feelings increased, he took Ranveer Singh along. The problem with Ranveer Singh is that his fans wanted to see him grow up to become Amitabh Bachchan and he is enjoying being Govinda more. The curiosity of the audience about the people working in the cinema is the first sign of the success of the films. On the other hand, whatever Ranveer Singh used to do everyday in public life, he is now doing the same in his films, and the bird named Aananishya has run away from his acting garden. First '83' then 'Jayeshbhai Jordaar' and now 'Circus'. There is no circus like Raj Kapoor's film 'Mera Naam Joker'. The circus seen in this story starting from 1942 is very fake and this is because there is not even a glimpse of animals in this whole circus. Story of Sanskar from upbringing- The story of 'Circus' is like this that in 1942 a scientist is explaining surrogacy to the scientists of his time. Brought up in an orphanage, this scientist again wants to prove that values are not hereditary but come from upbringing. In Hindi cinema, this thing has already been explained in Amitabh Bachchan and Vinod Khanna's film 'Parvarish'. In 'Circus', two pairs of twins are made into two separate pairs and both grow up in two neighboring cities of the same state. Growing up, both of them come to that crossroad and cross each other's path which is called love. One is married for five years. His writer wife cannot become a mother and does not believe in adopting a child. The other is still in the path of love and the biggest obstacle in reaching his destination is the father of the girlfriend. Then, just like in the film 'Angoor', there is a 'gang' behind a lot of money. There is the context of spending the night with another's wife and the confusion about the diamond necklace. Everyone knows what happens after that. The grapes are very sour. Apart from this, Rohit Shetty did further damage to his film by establishing a 'twin'-like relationship between the two Roy's characters. The dialogues of the film have gone by. Hey brother, just take a look!The technical aspects of the film are also not up to the mark. Jomon T John's cinematography is very disturbing. Whenever Murli Sharma tries to interact with the audience, his connection with the camera is not made. The sets of the film with bright colors, its costumes also sting the eyes. The specialty of Shakespeare's writing is that it is general in spite of being specific. To make a specific point here, Rohit Shetty has mocked the very soul of Shakespeare's writing. The first sense of humor is alanban and Rohit Shetty's film 'Circus' kneels down on this first step. Anyway, no one has any hope from Jacqueline Fernandez. It was expected that Pooja Hegde would rise to the occasion and improve her poor report card of films like 'Mohenjo Daro', 'Housefull 4' and 'Radhe Shyam', but Hindi cinema's habit of being present in the flop films of veteran stars His record is also maintained in 'Circus', Ranveer Singh's Varun Sharma has given better support than these two heroines.



# वॉटर रिचार्ज सिस्टम न होने पर 260 भवन मालिकों को नोटिस

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच




एटा- करोड़ों रुपये लगाकर कॉर्मिशियल भवन बनाकर खड़े कर लिए। जल संचय प्रबंधन को लेकर कोई काम नहीं किया। विभागीय अधिकारियों ने जब इनका निरीक्षण किया तो मौके पर कोई व्यवस्था नहीं मिली। ऐसे में 260 भवन स्वामियों को नोटिस दिए गए है। जिला मुख्यालय से लेकर गांव तक बने स्कूल, रेस्टोरेंट, मैरिज होम, अस्तपाल आदि की बड़ी-बड़ी बिल्डिंगें बनी हुई है। इन भवनों में उन मानकों को पूरा नहीं किया गया जो सरकार की ओर से होनी चाहिए। लघु सिंचाई की ओर से अभी 260 से अधिक भवनों को की पचान की गई है। इन सभी को नोटिस जारी किए गए है कि तीन माह के अंदर भवन में वॉटर रिचार्ज करने की व्यवस्था कर लें। अगर निर्धारित समय में यह काम नहीं किया गया तो दो लाख रुपये तक का जुर्माना लग सकता है। यह नोटिस मिलते ही भवन स्वामियों में हड़कंप मच गया। अब एनओसी जारी करने के लिए इधर उधर से काम प्रारंभ कर दी गई है। सरकारी भवनों को भी नोटिस एटा। निजी भवनों के साथ सरकारी भवनों को भी नोटिस जारी किए गए है। सरकारी भवनों में भी वॉटर रिचार्ज की व्यवस्था नहीं है। बरसात का पानी रोकने के लिए सरकार वॉटर रिचार्ज पर जोर दे रही है। सर्विस सेंटर और आरओ प्लांटों भी निशाने पर- एटा। सबसे अधिक पानी की बर्बादी सर्विस सेंटर और पानी आरओ प्लांट संचालक करते है। इन सभी को भी नोटिस दिया गया। दिन भर यह लोग पानी नालियों में बहता रहता है। इन पानी को रोकने के लिए भी नोटिस जारी किया है। इन्हें भी नोटिस दिया गया है। वॉटर रिचार्ज कराने का सरकार का जोर है। जल स्तर बढ़ाने के लिए हर हाल में प्रयास किए जाए। सरकार और निजी भवन स्वामियों को नोटिस जारी किए गए है। नोटिस का जबाव ना देने वालों पर भी कार्रवाई की जाएगी।- डॉ. अवधेश वाजपेयी, सीडीओ एटा

# अरविंद मौर्य का सपा नेताओं व कार्यकर्ताओं ने फूल माला पहनाकर व मिठाई खिलाकर दी बधाई



निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-कासगंज।पटियाली विधानसभा के पूर्व भाजपा मण्डल अध्यक्ष अरविंद मौर्य ने पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव से लखनऊ पार्टी कार्यालय पर सदस्यता लेने के बाद डीसी गार्डन पटियाली मे समाजवादी पार्टी के पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं से मुलाकात की

और पटियाली नगर पंचायत अध्यक्ष के चुनाव को लेकर बात विमर्श किया इस मौके पर सपा नगरध्यक्ष मोहम्मद शाहिद,प्रधान मुकेश यादव, चंदन पांडे,ललित मिश्रा,हिकमतअली, मोनू सक्सेना, गजेन्द्र यादव, डां अहमदशेख, सुदेश यादव,विकास पाराशर,सुशील दिवाकर,निहालसिंह शाक्य,मार्शल सक्सेना, गुड्डू सैकी,पूर्व जिला पंचायत सदस्य उमेश यादव उर्फ पप्पू,नाशिर, सुरजीत कुमार,मनोज यादव,राशिद सैफी, सुबोध मौर्य, जगमोहन शाक्य,आदि सैकड़ों लोगों का फूलमाला पहनाकर व मिठाई खिलाकर बधाई दी ।।

# गणित मेला व प्रदर्शनी का आयोजन

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



एटा- जिलाधिकारी एटा ने फीता काट कर किया उदघाटन। जनपद में सरस्वती शिशु मंदिर विद्यालय महान गणितज्ञ श्री रामानुजन की जयंती के उपलक्ष में गणित मेला व् प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। सरस्वती शिशु मंदिर सुनहरी नगर में कार्यक्रम का उद्घाटन जिलाधिकारी अंकित कुमार अग्रवाल ने किया जिलाधिकारी एटा ने बालकों का उत्साहवर्धन भी किया। विद्यालय के बालकों ने न केवल गणित से संबंधित प्रदर्शनी लगाई बल्कि उन्होंने छोटी-छोटी दुकानों के स्टाल भी लगाए जिन में बालकों ने स्वयम ही खाने की वस्तुएं को विक्रय किया। इस अवसर पर छोटे छोटे बालकों ने रंगारंग कार्यक्रमों की प्रस्तुति भी की, रंगारंग कार्यक्रम में भाग लेने वाले प्रतिभागियों को अतिथियों द्वारा प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित भी किया गया। सरस्वती शिशु मंदिर रेलवे रोड पर कार्यक्रम की अध्यक्षता श्रीमती नीलिमा माहेश्वरी ने की मुख्य अतिथि श्रीमती रितिका कपूर एवं विशिष्ट अतिथि श्रीमती रितिका शर्मा रहीं। सभी अतिथियों ने इस मौके पर गणित विषय पर बच्चों के प्रोत्साहन के लिए अपने अपने विचार भी व्यक्त किए। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के प्रधानाचार्य सुनील कुमार सिंह ने किया।

# पिता व तीन पुत्रों को हुई सात-सात साल की सजा

निशाकांत शर्मा-दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा- गोली मारकर घायल करने के दोषियों को सजा सुनाई गई है। कोतवाली नगर के गांव शीतलपुर निवासी अजयवीर सिंह ने रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि 26 मार्च 2013 को बेटा अजीत सिंह घर के दरवाजे पर खड़ा हुआ था। आरोपी जनक सिंह, विनीत, लोकेश, शैलेष तमंचा लेकर आएं थे और गाली-गलौज करने लगे। विरोध करने पर तमंचा से फायर किए। गोली बेटा अजीत के पेट में लगने से घायल हो गया था। पुलिस ने आरोपियों को जेल भेजा था और बाद में जांच के बाद चार्जशीट कोर्ट में दायर की थी। बुधवार को दोनों पक्ष के अधिवक्ताओं ने दलीले पेश की। दलील सुनने के बाद अपर जिला जज, त्वरित न्यायालय प्रथम विनोद कुमार ने जनक सिंह, विनीत, लोकेश, शैलेन्द्र निवासी शीतलपुर कोतवाली नगर को दोषी माना। शासन की तरफ से कड़ी पैरवी करने वाले एडीजीसी योगेन्द्र कुमार ने सख्त से सख्त सजा की मांग की। न्यायाधीश ने जनक सिंह, विनीत, लोकेश, शैलेन्द्र को सात-सात साल की सजा सुनाई है साथ ही 25 रूपये के अर्थदंड से दंडित भी किया गया। एडीजीसी योगेन्द्र कुमार ने बताया कि जनक सिंह, विनीता, लोकेश, शैलेन्द्र को सजा हुई है।


# एटा में नकली दवाइयां बनाने वाली फैक्ट्री पर ड्रग कमिश्नर का छापा, एक गिरफ्तार

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा- एटा में नकली दवाइयां बनाने वाली फैक्ट्री पर ड्रग कमिश्नर का छापा, एक गिरफ्तार, ड्रग माफिया शशिकांत हुआ मौके से फरार, नकली दवाएं रिफिल करने की लंबे समय से मिल रही थी शिकायतें, ड्रग कमिश्नर अलीगढ़ ने आज मारा छापा, नकली दवाई फैक्ट्री से भारी संख्या में 25 लाख से ज्यादा की नकली दवाइयाँ की बरामद, मौके से एक आरोपी को लिया गया हिरासत में, थाना कोतवाली नगर क्षेत्र का मामला।

# दो साल बाद लगेगा एटा महोत्सव, कार्यक्रम तय

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



एटा- बीते दो वर्ष कोरोना की दुश्वारियों के बाद इस बार एटा महोत्सव का परंपरागत ढंग से रंगारंग आगाज़ पांच जनवरी से हो रहा है। रात को आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की सूची जिला प्रशासन ने जारी कर दी है।दो वर्ष बाद आयोजित हो रहे एटा महोत्सव को ऐतिहासिक बनाने के लिए जिला प्रशासन ने इस बार कार्यक्रम संयोजकों के साथ बैठक कर प्रशासनिक अधिकारियों ने कार्यक्रमों को तय कर उनकी रुप रेखा को भी तैयार कर लिया है। महोत्सव का बेहद शानदार प्रतीक चिन्ह तैयार कराया गया है। महोत्सव में लगने वाले टेंट, साउंड, साज सज्जा के साथ आने वाले खेल, तमाशों एवं दुकानों की व्यवस्था करने को लेकर भी प्रशासन ने टेंडर कर दिया है। टेंडर लेने वाली कार्यदायी संस्था ने सैनिक पड़ाव मैदान में साफ सफाई के साथ अन्य कार्य भी शुरु करा दिया है। बुधवार को महोत्सव प्रभारी/एडीएम वित्त राजस्व आयुष चौधरी ने बताया कि एटा महोत्सव में रात के कार्यक्रमों को तय कर उनकी सूची जारी कर दी गई है

# शासकीय नवीन महाविद्यालय ओड़गी के रासेयो के सात दिवसीय ग्रामीण शिविर का समापन

रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



सूरजपुर-ओड़गी - शासकीय नवीन महाविद्यालय ओड़गी के रासेयो का सात दिवसीय ग्रामीण शिविर दिनांक 15 दिसबर से 21 दिसंबर तक ग्राम इन्दरपुर में आयोजित था जिसका समापन आज दिनांक 21 दिसंबर को हुआ समापन समारोह मे मुख्य अतिथि जनपद पंचायत अध्यक्ष मनिहारीलाल पैकरा तथा विशिष्ट अतिथि जनपद उपाध्यक्ष शिवबालक यादव पूर्व पीसीसी सदस्य अवधेश गुर्जर सरपंच ग्राम ओड़गी गौरी सिंह ओड़गी ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष गौतम कुशवाहा विधायक प्रतिनिधि धर्म पटेल उपस्थित रहे मुख्य अतिथि अपने उदबोधन में रासेयो के उद्देश्य को युवा वर्ग के लिए सशक्त माध्यम बताया तथा उपाध्यक्ष शिवबालक यादव ने ग्राम इन्दरपुर मे रासेयो के छात्र/छात्राओं के किए गए कार्य का प्रशंसा की तथा कलम भेट कर उनके प्रति आभार जताया महाविद्यालय प्राचार्य एवं जिला संगठक रासेयो सी.बी. मिश्रा ने विवेकानंद के संदेश माध्यम से राष्ट्र निर्माण में युवाओ की भागीदारी और कर्तव्यपथ पर चलने का आह्वान किया रासेयो के कार्यक्रम अधिकारी रंजीत कुमार सातपूते ने अपने सात दिवसीय शिविर में ग्राम पंचायत इन्दरपुर के विभिन्न मोहल्लो पारा में चबूतरा निर्माण, सोखता निर्माण तथा गोखनई नदी के तट पर किए गए सफाई अभियान व विभिन्न चौक चौराहों, पर स्वच्छता कार्यक्रम व स्वास्थ्य जागरूकता और विधिक जानकारी ग्रामवासियो तक पहुँचाई इस शिविर के सफल बनाने में दिनेश कैवर्त्य जी, अनुराधा तिर्की, सुखदेव सांडिल्य , सीता, राहुल सोनी हरीश पात्रे, अद्रियाना एकका, पुष्पराज, भारती सिंह, कुन्तेलाल आदि का विशेष सहयोग रहा।

# चौकी लटोरी पुलिस ने ट्रक में लोड़ संदिग्ध 310 बोरी धान किया जप्त



रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

सूरजपुर- चौकी लटोरी पुलिस को मुखबीर ने सूचना दिया कि ग्राम सिलफिली की ओर से एक ट्रक संदिग्ध धान लोड़ कर लटोरी की ओर जा रहा है। मामले की सूचना से पुलिस अधीक्षक श्री रामकृष्ण साहू को अवगत कराने पर उन्होंने तत्काल कार्यवाही करने के निर्देश दिए। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मधुलिका सिंह व सीएसपी जे.पी.भारतेन्दु के मार्गदर्शन में चौकी लटोरी पुलिस ने ट्रक क्रमांक सीजी 29 ए 2928 को रोकवाया, ट्रक को चेक करने पर उसमें 310 बोरी धान लोड़ होना पाया। वाहन चालक से धान खरीदी-परिवहन संबंधी दस्तावेज की मांग किए जाने पर कोई भी दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किया। ट्रक में लोड़ धान संदिग्ध पाए जाने पर 310 बोरी धान कीमत करीब 1 लाख 50 हजार का जप्त कर धारा 102 के तहत कार्यवाही किया गया है और आगे की जांच की जा रही है। इस कार्यवाही में चौकी प्रभारी लटोरी धनंजय पाठक, प्रधान आरक्षक उदय सिंह, आरक्षक शोभनाथ कुशवाहा, पिताम्बर सिंह सक्रिय रहे।

# बिहार पुर ग्रामीण बैंक में अधिकांश पासबुक प्रिंटर रहता है खराब, खाताधारकों का लेन देन नहीं होता अंकित

रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच




सूरजपुर-छत्तीसगढ़ सूरजपुर जिले के बिहार पुर चांदनी के छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक शाखा बिहार पुर में अधिकांश पासबुक प्रिंटर खराब होने से ग्रामीणों ने कलेक्टर के नाम पर तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा है। ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक बिहार पुर में अधिकांश प्रिंटर ही खराब रहता है जिससे कि खाताधारकों ने पैसा आहरण करने पर पासबुक प्रिंट नहीं करने से ग्रामीणों को स्पष्ट पता नहीं चल पाता है कि खाते में कितनी राशि एवं कितनी लेनदेन हुई है। और खाते में रोजगार गारंटी मजदूरी का भुगतान तथा पेंशन अन्य कई प्रकार की योजनाओं का लाभ खाते में आता है प्रिंट ना होने से इसकी पता नहीं चलने से ग्रामीण परेशान हो जाते हैं। जिसकी शिकायत ग्रामीणों ने कलेक्टर के पास एवं एसडीएम भैयाथान को की है और बैंक का प्रिंटर जल्द से जल्द बनवाने का प्रार्थना भी किया है। कई बार प्रिंटर खराब होने से हितग्राहियों का खाता के लेनदेन में हेराफेरी भी हो जाता है और रोजगार गारंटी के मजदूरी में भी हेरा फेरी होता है जिसके कारण खाताधारक परेशान रहते हैं। ग्रामीणों ने यह भी बताया कि ग्रामीण बैंक बिहार पुर के 50 मीटर की दूरी पर तीन-तीन बीसी बैठते हैं जबकि को अपने गांव गांव में जाकर पैसा बांटने छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक से आईडी मिला है। लेकिन किसी और ग्रामीण बैंक के अधिकारियों की मिलीभगत के कारण बैंक के अगल-बगल ही दुकान खोल कर पैसा बांटते हैं। बैंक के कर्मचारियों को यह सब कुछ संज्ञान में है परंतु सांठगांठ होने की वजह से वे लोग इस पर कोई कदम नहीं उठाते। जिसका विरोध ग्रामीणों ने करते हुए कलेक्टर एवं एसडीएम भैयाथान के नाम तहसीलदार बिहार पुर को ज्ञापन सौंपा। अब देखना यह है कि ग्रामीणों के इस गंभीर समस्या को अधिकारियों के द्वारा संज्ञान में लेकर कार्यवाही की जाती है या नहीं।

## ब्लॉक स्तर के पंचायत विभाग के साथ साथ लाइन डिपार्टमेंट के समस्त अधिकारियों को दिया गया प्रशिक्षण

रामचंद्र जायसवाल-दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

सूरजपुर- मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सुश्री लीना कोसम के निर्देशानुसार आज जिला पंचायत सभाकक्ष में जन योजना अभियान( जीपीडीपी ) कार्य योजना बनाये जाने हेतु ब्लॉक स्तर के पंचायत विभाग के साथ साथ लाइन डिपार्टमेंट के समस्त अधिकारियों को प्रशिक्षण दिया गया। श्री ऋषभ सिंह चंदेल उप संचालक पंचायत एवं नोडल अधिकारी जीपीडीपी के द्वारा एसडीजी गोल के पूरे 9 थीम पर, वर्ष 2030 तक पूर्ण रूप से पूर्ण करने के लिए बताया गया एवं कार्य योजना तैयार किये जाने के संबंध में चर्चा कर जानकारी दिया गया। श्री शशि सिन्हा सहायक नोडल अधिकारी जीपीडीपी के द्वारा प्रत्येक ग्राम पंचायत से वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए ग्राम पंचायत डेवलपमेंट प्लान तैयार किये जाने के संबंध में बताया गया इसमें पूरे 09 थीम के बारे में बताया गया जिसमें कंपलसरी थीम वाटर सफिशिएंट पंचायत- एवं क्लीन एंड ग्रीन पंचायत के साथ किसी एक थीम का संकल्प लेकर इस वर्ष के कार्ययोजना में उस लिए गए संकल्प के समस्त कार्यो को लेकर पूर्ण करने के लिए बताया गया । श्री सुनील शर्मा डीपीएम के द्वारा विस्तृत जानकारी दी गयी। प्रशिक्षण देने पश्चात सभी ब्लॉक स्तर के अधिकारीयो से ग्राम सभा मे स्वयं उपस्थित होकर कार्य योजना तैयार करने के लिए आग्रह किया गया । उक्त प्रशिक्षण में ब्लॉक स्तरीय अधिकारीयो के साथ साथ ज़िला स्तरीय अधिकारी भी उपस्थित रहे।

# गौठान में मना किसान दिवस

रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



सूरजपुर-दतिमा मोड़- भैयाथान के ग्राम पंचायत चुनगढी में किसान दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें की पंचायत के उपसरपंच रवि विश्वकर्मा व अन्य ग्रामीण जन उपस्थित रहे। सर्वप्रथम परंपरा अनुरूप छायाचित्र पर धूप दीप कर सभी अतिथियों का स्वागत किया गया एवं उसके पश्चात संबोधन की कड़ी में सरपंच प्रतिनिधि राधे ने कहा कि किसानों के पैरों जिनके मिट्टी में दोनों हाथ कुदाल पर रहते हैं सर्दी गर्मी या फिर बारिश सब कुछ ही वे सहते हैं आसमान पर नजर हमेशा वह आंधी तूफ़ान सब सहते हैं खेतों में हरियाली आए दिन और रात लगे रहते हैं मेहनत कर के उगाते पेट सभी का भरते हैं
वह है मसीहा मेहनत का उसे किसान हम कहते हैं उसके पश्चात ग्राम पंचायत के उपसरपंच रवि विश्वकर्मा ने कहा कि भारत के पांचवें प्रधानमंत्री माननीय चौधरी चरण सिंह जिन्हें किसानों का मसीहा माना जाता था उन्हीं के जन्म दिवस 23 दिसंबर के उपलक्ष्य में सन 2001 से हम किसान दिवस का आयोजन करते हैं चौधरी चरण सिंह एक अच्छे प्रधानमंत्री के साथ किसानों के प्रति एक अच्छी सोच रखने वाले व्यक्तित्व थे कार्यक्रम का संचालन बैठा नोडल जितेंद्र झा के द्वारा किया गया एवं धन्यवाद ज्ञापन का कार्य पंचायत सचिव धनेश्वर सिंह के द्वारा किया गया।

# बहराइच में थाने में फंदे से लटकता मिला महिला सिपाही का शव, खाना खाने के बाद किसी ने नहीं देखा



बहराइच- विशेश्वरगंज थाने में तैनात एक महिला सिपाही ने शुक्रवार सुबह आत्महत्या कर ली। महिला सिपाही का शव लटकता देख अन्य पुलिसकर्मियों ने सूचना दी। महिला सिपाही के आत्महत्या करने की सूचना पर विभाग में हड़कंप मच गया। एसपी व एएसपी आननफानन मौके पर पहुंचे। फॉरेंसिक टीम बुलाई गई है। महिला सिपाही ने आत्महत्या क्यों की इसके कारणों का अभी पता नहीं चल सका है। पुलिस आत्महत्या के कारणों की छानबीन में जुटी है। सहयोगी सिपाही बुलाने गए तब हुई घटना की जानकारी- विशेश्वरगंज थाने में महिला सिपाही निधि सिंह ( 26 ) की तैनाती कांस्टेबल पद पर है। महिला सिपाही उन्नाव जिले की रहने वाली है। थाने के सहयोगी पुलिस कर्मियों की माने तो प्रतिदिन की तरह गुरुवार रात को सब कुछ सामान्य था। ड्यूटी करने के बाद महिला सिपाही ने खाना खाया फिर अपने कमरे में चली गयी। महिला सिपाही का कमरा सुबह देर तक नहीं खुला तो सहयोगी सिपाही उसे बुलाने पहुंचे, लेकिन कमरा अंदर से बंद था।एसएसपी ने मौके पर पहुंच की जांच-पड़ताल- सहयोगी सिपाहियों ने खिड़की से कमरे के अंदर झांका तो कांस्टेबल निधि सिंह फंदे पर लटकती मिली। महिला कांस्टेबल की आत्महत्या की सूचना से हड़कंप मच गया। अपर पुलिस अधीक्षक नगर ज्ञानंजय सिंह मौके पर पहुंच गए हैं। एएसपी नगर ने बताया कि फॉरेंसिक टीम बुलाई गई है। अभी आत्महत्या के कारणों का पता नहीं चल सका है जांच के बाद पूरे मामले की जानकारी प्रदान की जाएगी।

# स्पोर्ट्स फॉर डेवलपमेंट कार्यक्रम के तहत शिक्षकों को दिया गया दो दिवसीय प्रशिक्षण



ग्यासुद्दीन
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

गौरेला पेंड्रा मरवाही- जिला प्रशासन एवं यूनिसेफ के तकनीकी सहयोग से जिले के 543 प्राथमिक विद्यालयों में संचालित स्पोर्ट्स फॉर डेवलपमेंट कार्यक्रम के तहत शिक्षकों को दो दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया। कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी के मार्गदर्शन में जिले के सभी प्राथमिक शालाओं से एक-एक शिक्षकों को मास्टर ट्रेनर द्वारा विगत 21 एवं 22 दिसंबर को प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण का उद्देश्य खेल-खेल के माध्यम से बच्चों के भाषाई एवं गणितीय ज्ञान के साथ ही उनके स्वास्थ्य एवं जीवन कौशल का उन्नयन करना है। यह प्रशिक्षण गौरेला विकासखंड के 3, पेण्ड्रा के 3 एवं मरवाही के 5 संकुलों में सम्पन्न हुआ। प्रशिक्षण का शुभारंभ जिला शिक्षा अधिकारी एन.के. चन्द्रा ने किया था।

# बैंक्वेट हॉल में लगी भीषण आग, ऊंची-ऊंची लपटें देखकर सहमे इलाके के लोग



गाजियाबाद- सेलिब्रेशन दो बैंक्वेट हाल, अर्थला में शुक्रवार सुबह करीब 9-30 बजे भीषण आग लग गई। सूचना पर पहुंचे अग्निशमनकर्मियों ने आग पर काबू पाया। कोई जनहानि नहीं हुई। संकरी गलियां होने से अग्निशमन विभाग की गाड़ियों को पहुंचने में दिक्कत हुई थी। अर्थला में जीटी रोड के किनारे सेलिब्रेशन दो बैंक्वेट हाल है। शुक्रवार सुबह करीब 9-30 बजे उसमें अचानक आग लग गई। देखते-देखते आग ने भीषण रूप धारण कर लिया। ऊंची-ऊंची लपटें निकलने लगीं। लपटों को देखकर आसपास रहने वाले लोग सहम गए। लोगों ने इसकी अग्निशमन विभाग को सूचना दी। मौके पर दो गाड़ियों के साथ पहुंचे अग्निशमनकर्मियों ने आग पर काबू पाने की कोशिश की। आग भीषण होने के कारण अग्निशमनकर्मियों ने चार और गाड़ियां बुलाईं। छह गाड़ियों की मदद से करीब एक घंटे में आग पर काबू पाया। मुख्य अग्निशमन अधिकारी राहुल पाल ने बताया कि आग लगने के कारण का पता नहीं चल पाया है। कोई जनहानि नहीं हुई है।

## लाखों का नुकसान

बैंक्वेट हाल बंद था। गनीमत रही थी उसमें कोई शादी या अन्य समारोह नहीं था यदि किसी समारोह के दौरान आग लगती है तो बड़ा हादसा हो जाता। आग से लाखों रुपये का सामान जलकर राख हुआ है लेकिन अभी सही कीमत का पता नहीं चल पाया है।

## संकरी गलियों में फंसी गाड़ी

राहुल पाल ने बताया कि बैंक्वेट हाल के आसपास एक सड़क के अलावा अन्य गलियां संकरी थीं इससे गाड़ियों को पहुंचने में दिक्कत हुई। बता दें कि राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में बीते दिनों चांदनी चौक मार्केट में भीषण आग लगी थी जहां संकरी गलियों की वजह से दमकल की गाड़ियां समय पर पहुंच नहीं पाई थी। इस कारण आग बढ़ते चले गई थी।

# समूह की महिलाओं ने लिंग आधारित भेदभाव के खिलाफ निकाली जागरूकता रैली

सगीर चंकी पांडे
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



मुरादाबाद- ठाकुरद्वारा। क्षेत्र की ग्राम पंचायत सुरजननगर में लिंग आधारित भेदभाव के खिलाफ चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत राष्ट्रीय आजीविका मिशन समूह की महिलाओं के साथ संगोष्ठी का आयोजन किया गया । इसके बाद गांव के मुख्य मार्गों से जागरूकता रैली निकाली । इसमें महिलाओं के हित हेतु उत्तर प्रदेश सरकार एवं भारत सरकार द्वारा चलायी जा रही विभिन्न योजनाओं के विषय में विस्तार पूर्वक जानकारी दी गयी। इसमें राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अन्तर्गत चलाये जा रहे समूहों की महिलाओं ने बढ़ - चढ़कर हिस्सा लिया। महिलाओं को अपनी आजीविका के संसाधन में संवर्धन हेतु रोजगार के माध्यम से कैसे सफलता मिलेगी इसके बारे में विस्तार पूर्वक बताया गया। कन्या भ्रूण हत्या की जानकारी 1090 नंबर पर उपलब्ध करायें। इस दौरान सोनी रानी, अंजू रानी,अनुराधा, लीलावती देवी, कंचन चौहान, रीनू,पूजा चौहान, किरन चौहान, अनुपम, पवन देवी,सविता चौहान, नीरज आदि समूहों की महिलाएं उपस्थित रहीं

# छात्र नेता खराब करते हैं विवि का माहौल, पुलिस से मांगा सहयोग, कर्मचारी को मारा थप्पड़

आगरा- डा. भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय में छात्र नेताओं का प्रवेश प्रतिबंध करने की तैयारी हो रही है। चीफ प्रोक्टर ने पुलिस से सहयोग मांगा है।चीफ प्रोक्टर ने पत्र भेजा है, जिसमें छात्र नेताओं से होने वाली समस्याओं को बताते हुए सहयोग मांगा गया है। प्रशासनिक कार्य होते हैं बाधित- चीफ प्रोक्टर प्रो. मनुप्रताप सिंह ने पुलिस अधिकारियों को पत्र भेजा है। पत्र में लिखा है कि पिछले एक माह में कुछ छात्र संगठनों द्वारा विश्वविद्यालय में शैक्षणिक माहौल एवं विश्वविद्यालय के प्रशासनिक कार्यों को बाधित किया जा रहा है। छात्र संगठनों के पदाधिकारियों से विभिन्न स्तरों पर वार्तालाप किया गया है, लेकिन व निरंतर कार्य बाधित कर रहे हैं। चीफ प्रोक्टर ने पुलिस से सहयोग मांगा है जिससे छात्रों को



विश्वविद्यालय परिसर में शैक्षिक वातावरण मिले।इस बारे में चीफ प्रोक्टर का कहना है कि छात्र ही विश्वविद्यालय में आएंगे। छात्रों की पैरवी करने के लिए छात्र नेता आकर माहौल खराब करते हैं। विवि छिपा रहा नाकामियां- इस बारे में एनएसयूआइ के प्रदेश उपाध्यक्ष गौरव शर्मा का कहना है कि विश्वविद्यालय प्रशासन अपनी नाकामियों को छुपाने के लिए छात्र नेताओं पर ही कार्यवाही करते है। अगर इतना ध्यान छात्रों की समस्याओं पर दिया जाए तो विश्वविद्यालय में हर तरफ अच्छा माहौल बना रहेगा।समाजवादी छात्र सभा के महानगर अध्यक्ष अमित यादव का कहना है कि अगर विश्वविद्यालय प्रशासन छात्र नेताओं से परेशानी है तो विश्वविद्यालय प्रवेश, परीक्षा व परिणाम समय पर दे हम आना बंद कर देंगे।- छात्र नेता ने कर्मचारी में मारा थप्पड़- डा. भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय में गुरुवार को एक छात्र नेता और कर्मचारी के बीच विवाद हुआ।छात्र नेता ने कर्मचारी में थप्पड़ मार दिया। कर्मचारी एकजुट हो गए और धरने पर बैठ गए। कुलसचिव डा. विनोद कुमार सिंह ने हस्तक्षेप किया।कुलसचिव ने मुकदमा कराने के निर्देश दिए, जिस पर छात्र संगठन ने बवाल किया। अब मामले की जांच के निर्देश दिए गए हैं। आउटसोर्सिंग कर्मचारी ने रोका था छात्र नेता- छात्र नेता अपने किसी काम से आनलाइन विभाग में गया। वहां आउटसोर्सिंग कर्मचारी ने उसे अंदर आने से रोका। कर्मचारी ने कहा कि विभाग में आने की अनुमति किसी छात्र को नहीं है। इस बात पर विवाद बढ़ा और हाथापाई भी हुई। छात्र नेता ने कर्मचारी को थप्पड़ भी मार दिया। आनलाइन विभाग के कर्मचारी एकजुट हो गए।कुलसचिव कार्यालय पहुंचे, धरना दिया। छात्र नेता के खिलाफ मुकदमा कराने के निर्देश दिए। इस पर छात्र संगठन ने बवाल किया। इस मामले के बाद प्रोक्टोरियल बोर्ड की बैठक हुई। जिसमें छात्र नेता जो एमए इतिहास तृतीय सेमेस्टर का छात्र है, उसके परिसर में प्रवेश पर रोक लगाने का निर्णय लिया गया। यह छात्र नेता विश्वविद्यालय के किसी भी कक्षा में प्रवेश नहीं ले पाएगा। इसकी जानकारी विभागाध्यक्ष और निदेशक को भी दी जाएगी।

# तीसरी मंजिल से गिरते हुए CCTV में नजर आई छात्रा, देखकर दहल जाएगा दिल; फोन से खुलेगा राज




कानपुर के चकेरी के हरजेंदरनगर में एक विधि छात्रा ने मोबाइल पर बात करने के बाद अचानक मकान की छत ( तीसरी मंजिल ) से कूदकर जान दे दी। सूचना पर फोरेंसिक टीम संग मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल कर साक्ष्य एकत्रित किए। मूलरूप से कन्नौज के तिर्वा के गांव सेगरन पुरवा निवासी सुभाष बाथम टैंपो चालक हैं। उनकी बेटी रजनी ( 24 ) ब्रह्मानंद कॉलेज से विधि की द्वितीय वर्ष की पढ़ाई कर रही थी। चार माह पहले ही रजनी चकेरी के हरजेंदरनगर निवासी अजय गुप्ता के मकान में किराये पर रहने आई थी। गुरुवार दोपहर को रजनी मकान की दूसरी मंजिल स्थित अपने कमरे में मोबाइल पर किसी से बात कर रही थी। इस बीच वह फोन काटकर छत पर पहुंची और नीचे छलांग लगा दी।

## बिस्तर में रखी मिली खाने की प्लेट

घटना के बाद जब पुलिस जांच पड़ताल करने छात्रा के कमरे पहुंची तो बिस्तर पर खाने की प्लेट में खिचड़ी रखी हुई थी। जिससे यह प्रतीत हो रहा है कि छात्रा घटना से पहले खाना खाते हुए किसी से फोन पर बातचीत कर रही थी। वहीं बिस्तर पर ही अंतरराष्ट्रीय विधि और एसएससी ( सीजीएल ) द्वितीय वर्ष के माडल पेपर की किताब रखी थी। पुलिस को छात्रा के कमरे से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। इससे यह अंदाजा लगाया जा रहा है कि फोन पर ही कुछ ऐसा हुआ, जिसके बाद छात्रा ने अचानक जान देने का फैसला कर लिया।

## मिलनसार व खुश मिजाज थी छात्रा

मकान मालिक अजय गुप्ता व अन्य किरायेदार डाली, रमेश आदि ने बताया कि छात्रा मिलनसार व खुश मिजाज थी। वह हमेशा हंसकर बोलती थी। वहीं छात्रा के कमरे में उसकी और परिवार के अन्य सदस्यों की फोटो लगी हुई है। जिसे देखकर यह प्रतीत होता है कि छात्रा खुशमिजाज थी।मोबाइल से खुलेगा राज- पुलिस के मुताबिक, छात्रा के फोन पर बात करने के दौरान आत्महत्या की बात सामने आई है। छात्रा के मोबाइल से सीडीआर के आधार पर सामने आएगा कि वह किससे बात कर रही थी और उससे ही आत्महत्या के कारणों का पता भी चलेगा।परिजनों ने जताई हत्या की आशंका -तीन मंजिला बिल्डिंग ऊंचाई करीब 40 फीट है। सुरक्षा के लिए तीसरी मंजिल पर करीब साढ़े तीन फीट ऊंची लोहे की ग्रिल लगी है। इससे नीचे कूदना किसी के लिए इतना सहज नहीं है। अगर यह ग्रिल ऊपर चढ़कर कूदती तो पेट या पैर के बल जमीन पर कुछ दूर जाकर गिरती। लेकिन, इसकी जमीन पर गर्दन, सिर टकराया है। इससे संभव है कि इसे ग्रिल से गिराया या धक्का दिया जा सकता है। इतनी ऊंचाई से नीचे देखने में डर महसूस होता है। रजनी का फर्श से टकराने के पहले की कुछ ऊंचाई का सीसीटीवी फुटेज घर के ही पास लगे कैमरे में कैद हुआ है। जिस वीडियो में रजनी ऊपर से सिर के बल गिरकर टकराई है , इसके बाद उछलकर उसका सिर दीवार की ओर चला गया। जिससे हेडइंजरी होने से सिर व कान से खून निकला। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। जिसकी पुष्टि कांशीराम अस्पताल में चिकित्सक ने की।

# रीपा के तहत पतरकोनी में चल रहे कार्यों का कलेक्टर ने किया निरीक्षण



ग्यासुद्दीन
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

गौरेला पेंड्रा मरवाही-कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी ने आज गौरेला विकासखंड के ग्राम पंचायत पतरकोनी में रीपा के तहत चल रहे कार्यों का निरीक्षण किया। उन्होंने मसाला एवं मिक्रर उत्पादन इकाई तथा फ्लाई एश निर्माण के लिए निर्माणाधीन शेड का अवलोकन किया। उन्होंने रीपा के तहत उत्पादित होने वाले वस्तुओं के लिए कच्चे माल की उपलब्धता एवं मशीन-उपकरण आदि की कार्ययोजना तैयार करने परियोजना निदेशक डीआरडीए को निर्देश दिए।

कलेक्टर ने गौरेला-बिलासपुर मार्ग पर स्थित पतरकोनी में बन रहे रीपा एवं हाट बाजार को ध्यान में रखते हुए इस क्षेत्र को व्यवसायिक केंद्र एवं आजीविका गतिविधियों के रूप में विकसित करने कहा, ताकि रीपा से उत्पादित सामग्री को मार्केटिंग सुविधा मिल सके। उन्होंने पशुपालन विभाग की योजना से कुक्कुट उत्पादन सेवा समिति द्वारा संचालित शेड, जिसका वर्तमान में उपयोग नहीं हो रहा है, उपयोग आजीविका गतिविधियों के लिए महिला स्व सहायता समूह को सौंपने जनपद सीईओ को निर्देश दिए। इसके साथ ही शाला परिसर का बाउंड्रीवाल कराने के भी निर्देश दिए। कलेक्टर ने कृषि विभाग की योजना से लाभान्वित श्रीराम मिनी राईस मील समूह की गतिविधियों की भी जानकारी ली।

उन्होंने मौके पर उपस्थित सरपंच श्रीमती कौशल्या ओट्टी को अविवादित नामांतरण का निपटान करने तथा शासकीय भूमि पर काबिज लोगों को पंचायती राज अधिनियम के तहत नोटिस जारी करने कहा। निरीक्षण के दौरान परियोजना निदेशक डीआरडीए श्री आर के खूंटे, तहसीलदार श्रीमती तुलसी मंजरी साहू, जनपद सीईओ डॉ. संजय शर्मा, प्रभारी कार्यपालन अभियंता आरईएस श्री पी एल पडवार उपस्थित थे।

# मेरठ में बेदर्दी की हदें पार, गर्भवती महिला को लात-घूंसों से पीटकर किया अधमरा



उत्तर प्रदेश के मेरठ जनपद में बेदर्दी की हदें पार करने का एक मामला सामने आया है। यहां थाने से महज 500 मीटर दूर कुछ हमलावरों ने एक गर्भवती महिला को लात-घूंसों से जमकर पीटा। इस दौरान महिला की चीख-पुकार सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे, लेकिन तमाशबीन बने रहे। वहीं किसी ने पिटाई का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस हरकत में आई ये है पूरा मामला ब्रह्मपुरी थाने से 500 मीटर दूर भगवतपुरा कॉलोनी में कुछ लोगों ने बृहस्पतिवार दोपहर 12 बजे पांच माह की गर्भवती पूनम ( 35 ) पत्नी ऋषि को लात-घूसों से पीटकर अधमरा कर दिया और उसका एक साल का बेटा हमलावरों ने जमीन पर पटक दिया। वहीं चीख-पुकार मचने पर लोगों की भीड़ लग गई इस दौरान मां-बेटे को बचाने की बजाय लोग तमाशबीन बनकर मोबाइल पर वीडियो बनाने लगे। वीडियो वायरल होने पर लखनऊ तक हलचल मची। अधिकारियों ने इंस्पेक्टर ब्रह्मपुरी को फटकार लगाई। तब चार पड़ोसियों अशोक, उसके पुत्र शैलेंद्र व विकास और दिरीश गिरफ्तार किए गए। पांच हमलावर फरार हैं इस मामले में नौ लोगों के खिलाफ करीब 200 गज जमीन पर कब्जा करने, विरोध पर मारपीट करने आदि धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। देर रात तक इस मामले में हंगामा चलता रहा। इस जमीन पर डॉ. भीमराव आंबेडकर का चित्र रख दिया। सूचना पर सीओ ब्रह्मपुरी व ब्रह्मपुरी थाना प्रभारी ने फोर्स के साथ पहुंचकर मामला शांत कराया है। सीओ ब्रह्मपुरी बृजेश सिंह ने बताया कि जमीन को लेकर विवाद हुआ था। उस पर कुछ लोगों ने चित्र रख दिया था। दो लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। पुलिस ने बताया कि अशोक के खिलाफ छह मुकदमे पहले भी दर्ज हैं। उसके खिलाफ स्थानीय लोगों ने नारेबाजी भी की।

# प्रख्यात भारतीय गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन की जयंती पर मनाया गया गणित दिवस



ग्यासुद्दीन
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

गौरेला पेंड्रा मरवाही- प्रख्यात भारतीय गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन की जयंती पर 22 दिसंबर को स्वामी आत्मानंद शासकीय बहुउद्देशीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पेंड्रा में गणित दिवस मनाया गया तथा गणित प्रदर्शनी आयोजित की गई। बच्चों को प्रेरणा स्वरूप श्रीनिवास रामानुजन की जीवनी को प्रोजेक्टर के माध्यम से बताया गया साथ ही गणित के कई अवधारणाओं को ब्लैक बोर्ड पर बच्चों को समझाया गया। बच्चों ने गणित से संबंधित रंगोली, गणित के विभिन्न सूत्रों का मॉडल एवं गणित के कई अवधारणों को सांस्कृतिक कार्यक्रम के माध्यम से प्रदर्शित किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में डाइट कॉलेज के व्याख्याता श्री शंकर राव एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में शाला विकास समिति के सदस्य श्री नदीम मलिक उपस्थित थे। यह कार्यक्रम विद्यालय के प्राचार्य श्री एल पी डाहिरे की अध्यक्षता में हुई। इस अवसर पर व्याख्याता श्री केपी राव, श्रीमती दीप्ति श्रीवास्तव, श्रीमती दुर्गेश दुबे, श्री बीआर ओगरे एवं श्री डीएस लहरे सहित शाला परिवार एवं बच्चे उपस्थित थे।